NT>

Title: Need to accord clearance to the pending Railway projects of Bihar for all round development of the State.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : महोदय, सड़कों के समान ही बिहार राज्य में रेल मार्ग की स्थिति भी सोचनीय है। नई रेल लाईनों के बिछाने और रेल लाईन के आमान परिवर्तन एवं दोहरीकरण, रेल पुल के निर्माण, ट्रैकों के विद्युतीकरण तथा रोड ओवर ब्रिज/ अंडर ब्रिज के निर्माण हेतु निम्नांकित योजनाएं शीघ्र कार्यान्वित करने के लिए पर्याप्त धनराशि मुहैया कराने हेतु केन्द्रीय सरकार के रेल मंत्रालय से पूरे राज्य में विकास हेतु आग्रह करता हूं। योजनाएं इस प्रकार की हैं :-

1. **राजगीर, इस्लामपुर,(2)दनियावां, बिहारशरीफ, शेखपुरा,(3)देवघर, सुल्तानगंज।**

इसके साथ-साथ रेलवे विद्युतीकरण निम्नांकित लाईनों में किया जाए -

(1) क्यूल, साहेबगंज, (2) गया, क्यूल, (3) राजगीर, इस्लामपुर, (4) दनियावां, बिहारशरीफ, और शेखपुरा।

पुलों का निर्माण क्यूल, सिरारी, शेखपुरा, बारसलिगंज, नवादा, तिलैया, गया के नये पुलों का जिर्णोद्धार तथा करौता के पास रेल अंडर पुल का निर्माण कराना।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाकर आग्रह करना चाहता हूं कि अविलम्ब इसे स्वीकृत कर योजनाओं का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की कृपा की जाए।